53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.9°c
अधिकतम 33.5 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:53, सूर्यास्त - 6:48 | वर्ष : 53/अंक : 235 मंगलवार, 26 अगस्त 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, तृतीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की, जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी ने किसानों से मखाना बनाने की पूरी प्रोसेस को समझा : कटिहार




कुछ न कुछ तो काम धंदा चाहिए...... अब सियासत का भरोसा कुछ नहीं.....

## भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबा जिला चिकित्सालय ?, वीडियो हुई वायरल, सीएमएस बोली-पता नहीं जनता अस्पताल में लगे पोस्टर क्यों नहीं पढ़ती

### अपने नर्स को दोष देने के बजाय, जनता को ही दे डाला दोष, बोली - हमने तो लिखवा रखा है कि जिला चिकित्सालय में कोई रिश्वत न दे, फिर भी जनता ये पोस्टर नहीं पढ़ती

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। बुलेटिन द्वारा लगातार भ्रष्टाचार के मामले साफतौर पर दिखा रहा है, कभी ट्रैफिक विभाग के टी.एस.आई तो कभी जीएसटी विभाग के कर्मचारी खुलेआम रिश्वत मांगते दिखाई देते हैं, तो अब जिला चिकित्सालय का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक महिला






से नर्स रिश्वत ले रही है। रिश्वत लेने के बाद जब सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ, तो पूरी मीडिया जिला महिला चिकित्सालय पर पहुंची और सीएमएस आभा अत्रे का पक्ष लिया गया, जिसमें उन्होंने यह तो कहा कि मामले की जांच की जाएगी। मगर एक अनोखी बात कही कि 'हमने सारे अस्पताल में जगह-जगह लिखवाया हुआ है, मेरी समझ में नहीं आता, पब्लिक उन्हें पढ़ती क्यों नहीं है।' सीएमएस का यह जवाब सुनकर पूरी मीडिया हैरत में रह गई और सोचने लगी कि जो सीएमएस अपने स्टाफ को रिश्वत लेने से नहीं रोक सकती, वह अपने स्टाफ का दोष पब्लिक पर मढ़ रही हैं। मैडम जी को शायद यह नहीं पता है कि महंगाई के इस दौर में जेब से इंसान तभी किसी को रिश्वत देता है, जब सरकारी कर्मचारी कोई काम नहीं करता। पब्लिक के पास फालतू पैसा नहीं है, जो पोस्टर पढ़ने के बाद भी पैसा देंगे। ऐसे में सीएमएस को अपने स्टाफ का सुधार करना चाहिए ना कि पब्लिक को ये ज्ञान दिया जाए कि पब्लिक ने रिश्वत क्यों दी?

### कहीं मेज के नीचे से ना हो जाएं बड़ा खेल, यहां सबका एक दूसरे है मेल

मुजफ्फरनगर। जिला अस्पताल में मरीजों से इलाज और जांच के नाम पर पैसे ऐंठने का यह कोई नया मामल नहीं है। इस तरह के आरोप पहले भी अस्पताल पर लगते रहे हैं। हाल ही में बुलेटिन ने ही यह भी खुलासा किया था कि किस प्रकार से एक महिला के ऑपरेशन करने के नाम पर छः हजार रुपए की डॉक्टर द्वारा रिश्वत के रूप में मांगी गई थी। जिसका खुलासा होते ही सीएमएस ने जांच की बात कही थी, लेकिन जांच तो दूर पीड़ित महिला का आनन-फानन में ऑपरेशन कर उसको उसके दर्द से राहत दे दी गई। फिलहाल इस वीडियो में अस्पताल के अंदर बैठी एक नर्स मरीज के परिजन से बात कर रही है और उससे कुछ पैसे मांग रही है। जिसके बाद परिजन द्वारा नर्स को कुछ पैसे देती है और खुले कर कुछ वापस कर देती है। ऐसे में अब अपनी ही नर्स के बचाव मुद्रा में दिखाई देने वाली सीएमएस जांच में कितना सच सामने लाती है, यह देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि भ्रष्टाचार के आकंठ तक डूबा महिला चिकित्सालय में अब आरोपों के घेरे में खड़ी नर्स को भी शायद वही काम करना पड़ेगा, जिसका वो अब तक मरीजों को अपना शिकार बनाती कैमर में कैद हुई है, क्योंकि नौकरी पर जब बात आती है तो मेज के नीचे से कार्रवाई वाह-वाही तक पहुंच ही जाती है। फिलहाल जिला अस्पताल के हालत तो यही सब कहते नजर आ रहे हैं।

## टूरिस्ट बस में 200 किलो विस्फोटक मिलने से मचा हड़कंप, उजैर व शाहनवाज गिरफ्तार, पूछताछ जारी

### कांवड़ के दौरान वीडियो के माध्यम से थी जनपद में अशान्ति फैलाने की साजिश




मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (एजेंसी)। यूपी के बागपत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक प्राइवेट बस से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। दिल्ली जा रही इस बस में 200 किलो विस्फोटक छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

यह घटना बागपत जिले के खेकड़ा थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बड़ी खेप दिल्ली ले जाई जा रही है। इसके बाद पुलिस ने एनएच-709 बी पर एक टूरिस्ट बस को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान बस की सीटों और डिब्बों के नीचे 200 किलो विस्फोटक सामग्री छिपाई हुई थी। पुलिस ने फौरन बस को जब्त कर लिया और मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान हापुड़ निवासी उजैर और मेरठ निवासी शाहनवाज के रूप में हुई है। बागपत पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर इस बात की जानकारी दी है। फिलहाल, पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक कहां से लाया गया और इसे किसे सप्लाई किया जाना था।

### कांवड़ के दौरान जनपद में हिंसा की थी साजिश

मुजफ्फरनगर। आपको शायद याद होगा दंगा भड़काने की साजिश के तहत पाकिस्तान के नृशंस हत्याकांड का वीडियो व भड़काऊ भाषण की आडियो वायरल किया गया था। मुजफ्फरनगर पुलिस टीम ने 21 जुलाई को नदीम निवासी ककरौली, मनशेर निवासी ककरौली व रहीस निवासी ककरौली को गिरफ्तार किया था। उन्होंने पांच व्हाट्सएप ग्रुपों में पाकिस्तान की वीडियो व एक ऑडियो को वायरल किया था। उसके बाद पुलिस ने 23 जुलाई को नईमुद्दीन निवासी लद्दावाला, उसके भाई फईमुद्दीन, जमीरुद्दीन निवासी तेली वाली मस्जिद मन्सूरपुर व शालिक निवासी मिमलाना रोड को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों ने एक ग्रुप में वीडियो को वायरल किया था।

## जिला परिषद में ड्रग्स विभाग की बड़ी छापेमारी

### आगरा में हुई एसटीएफ की कार्रवाई के बाद पूरा प्रदेश हाईअलर्ट पर : पवन शाक्य (डीआई)








मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। ड्रग्स विभाग ने सोमवार को जिला परिषद परिसर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सहायक आयुक्त औषधि सहारनपुर मंडल दीपा लाल के नेतृत्व में चार टीमों ने अचानक छापेमारी की। यह कार्रवाई एक गोपनीय सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि इस परिसर में कुछ अवैध गतिविधियों का संचालन हो रहा है। छापेमारी के दौरान, अधिकारियों ने कई दस्तावेज और रिकॉर्ड भी अपने कब्जे से बरामद किए। शुरूआती जानकारी के अनुसार, इस मामले के तार आगरा से जुड़े हो सकते हैं? हालांकि, अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन जांच टीम इस पहलू पर गंभीरता से काम कर रही है। ड्रग्स इंस्पेक्टर पवन शाक्य ने बताया कि यह एक रूटीन जांच नहीं है और विभाग को कुछ जानकारी मिली थी, आगरा में हुई एसटीएफ की कार्रवाई के बाद पूरे प्रदेश को हाईअलर्ट पर रखा गया है, जिसके बाद यह कार्रवाई सभी जनपदों में की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी दी जा सकेगी। इस छापेमारी ने जिला परिषद में मेडिकल एजेंसियों और औषधि विभाग के बीच तनाव बढ़ा दिया है, जो इस कार्रवाई के संकेत से देखा जा सकता है। फिलहाल आगरा में हुई एसटीएफ की बड़ी छापेमारी के बाद मुजफ्फरनगर में भी ड्रग्स विभाग अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाता हुआ दिख रहा है। अब उनके हाथ कितनी कामयाबी हाथ लगती है ये देखना बाकी होगा।

### सहायक आयुक्त औषधि सहित चार टीमें मौके पर

### आगरा से खरीदी गई थी भारी मात्रा में अलेग्रा टेबलेट, मुजफ्फरनगर में कई जगह हुई बिलिंग

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। आगरा के एक मेडिकल एजेंसी द्वारा मुजफ्फरनगर की एक एजेंसी को एलेग्रा टेबलेट की भारी मात्रा में खरीद फरोख्त की गई थी, जो कि जिला परिषद में करीब एक दर्जन दुकानदारों को भी बेची गई थी। आगरा में हुई एसटीएफ की कार्रवाई के बाद जब बिल खंगाले गए तो लखनऊ से लेकर चेन्नई और चेन्नई से लेकर आगरा के बाद मुजफ्फरनगर तक इनके तार जुड़े होने की बात सामने आई है। ऐसे में 15 से 20 रुपए की बिकने वाली ये टेबलेट के पीछे राज कितना गहरा है और इसको लेकर औषधि आयुक्त सहारनपुर मंडल दीपा लाल क्या परिणाम सामने लाकर रखेंगी, इसको देखना वाकई दिलचस्प होगा, क्योंकि सुबह से लेकर देर रात खबर लिखे जाने तक टीम पूरी शिद्दत से मिले इनपुट पर कार्रवाई करने में जुटी रही।

### छापेमारी में इन दुकानों के नाम आएं सामने

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। सूत्रों की मानें तो औषधि विभाग द्वारा छापेमारी के दौरान आगरा के बंसल मेडिकल एजेंसी से मुजफ्फरनगर के आयुष मेडिकल एजेंसी को आगरा में पकड़ी गई सेम कंपनी की दवाई का माल भेजा गया है। जिसके बाद मुजफ्फरनगर की जिस मेडिकल एजेंसी को यह माल भेजा गया, उसे गांधी कॉलोनी आयुष मेडिकोज के द्वारा जिला परिषद में इन दुकानदारों जिनमें श्रीगणेश, अल्ट्रा मेडिकोज, आनंद मेडिकल, वल्लभ मेडिकल, श्रीजी मेडिकोज, जगदीश मेडिकेयर, एस.आर एंटरप्राइजेज, दिल्ली मेडिकोज आदि करीब एक दर्जन मेडिकल एजेंसियों को एलर्जी में इस्तेमाल होने वाली टेबलेट एलेग्रा की बिलिंग की गई है। फिलहाल सबके बिल जब्त और जांच जारी है।

## लो जी खालापार युवकों का एक और बड़ा कारनामा...

### कॉल सैंटर पर युवतियां बैठाकर नौकरी के झांसे में फंसाने का चल रहा था फर्जीवाड़ा

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु)। आये दिन भाईजान शहर और अपनी कोम का नाम रोशन करने में लगे हैं। यह बात अब विस्तार से बताने की आवश्यकता नहीं है। पिछले डेढ़ महीने में 40 से अधिक आसमाजिक तत्वों के नये-नये कारनामे सामने आये हैं। कहीं हथियार बनाना, कहीं हवाला का कारोबार करना, तो कहीं स्मैक, चरस गांजा का कारोबार करना, तो कहीं जिले में दंगा फैलाने के लिये पाकिस्तान की वीडियो मंसूरपुर की बताकर वायरल करना खुलकर सामने आया है। अलग-अलग घटनाओं में 40 आरोपी 40 दिनों में ही पकड़े गये हैं। मगर सिलसिला अभी रुका नहीं है। सोमवार को लगभग 3 बजे खालापार पुलिस ने बिना मीडिया को बताए मेरठ रोड स्थित एक गली में छापामारी की। यहां कॉल सेंटर चल रहा था। कॉल सैंटर के नाम पर एक दर्जन से अधिक युवतियां व दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया और रात्रि लगभग 10 बजे तक उनसे पूछताछ कर युवती होने के नाते और कर्मचारी होने के नाते इन युवतियों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया, मगर दो भाईजानों को अभी भी हिरासत में ले रखा है। उक्त दोनों भाईजान इस कॉल सैंटर के सूत्रधार बताये जा रहे हैं और दोनों भाईजान इन युवतियों से सिर्फ मुजफ्फरनगर ही नहीं महाराष्ट्र तक कॉल कराकर नौकरी के नाम पर युवक एवं युवतियों से पैसा ठगा जाता था और उक्त गिरोह का साथ देते हुए कॉल सैंटर पर काम करने




वाली युवतियां इसमें मुख्य भूमिका निभाती थी। बताया जाता है कि दोनों भाईजान युवतियों को मोटी रकम देकर नौकरी पर रखते थे और फिर उन्हें नौकरी के नाम पर झांसा देने का तरीका खुद सिखाते थे। फिलहाल खालापार पुलिस ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया और कहा कि कुछ दिन रुककर पुलिस इस पूरे नेटवर्क का खुलासा करेगी। अब यह खुलासा कब होगा यह किसी को नहीं पता मगर फिलहाल तो यह तस्वीर साफ हो चुकी है कि खालापार के मेरठ रोड़ पर बड़े पैमाने पर नौकरी का झांसा देकर महाराष्ट्र के लोगों को ठगा जा रहा था।

## स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो पैथोलॉजी लैब सील

मुजफ्फरनगर, 25 अगस्त (बु.)। स्वास्थ्य विभाग ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर सोमवार को एसीएमओ डॉ. विपिन के नेतृत्व में अवैध रूप से संचालित हो रहे पैथोलॉजी केंद्रों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस बीच निरीक्षण के दौरान, कई पैथोलॉजी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गोल्डन पैथोलॉजी सेंटर और सेवन डेज पैथोलॉजी सेंटर को बिना किसी वैध लाइसेंस के ही चलते हुए पाया गया। इन केंद्रों पर आवश्यक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि वे सरकारी नियमों और मानकों का भी उल्लंघन करते पाए गए। टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के साथ मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोनों केंद्रों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण की इस कार्रवाई में संगम पैथोलॉजी, प्रीमियर पैथोलॉजी, पल्स डायग्नोस्टिक सेंटर व सरल पैथोलॉजी सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। टीम को इन तमाम केंद्रों के दस्तावेजों और संचालन की जांच की जा रही है और जल्द ही इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने




स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध रूप से संचालित किसी भी स्वास्थ्य केंद्र को बख्शा नहीं जाएगा और मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

## पीएम मोदी की डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्नातक की डिग्री से संबंधित रिकॉर्ड की जांच करने का निर्देश देने के केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रद कर दिया। सीआईसी के आदेश को दिल्ली विश्वविद्यालय ने चुनौती दी थी। डीयू ने 2017 में सीआईसी के उस आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसमें 1978 में बीए प्रोग्राम पास करने वाले छात्रों के रिकॉर्ड की जांच की अनुमति दी गई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी ने भी परीक्षा पास की थी। सुनवाई के दौरान, विश्वविद्यालय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि 'निजता का अधिकार' 'जानने के अधिकार' से ज्यादा अहम है। हालांकि, विश्वविद्यालय ने अदालत को बताया कि वह प्रधानमंत्री मोदी के डिग्री रिकॉर्ड कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने को तैयार है, लेकिन आरटीआई अधिनियम के तहत 'अजनबियों द्वारा जांच' के लिए उन्हें पब्लिक नहीं किया जा सकता है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने तर्क दिया कि वह छात्रों की जानकारी को एक नैतिक दायित्व के मुताबिक सुरक्षित रखता है और जनहित के अभाव में 'केवल जिज्ञासा' के आधार पर, आरटीआई कानून के तहत निजी जानकारी मांगने का औचित्य नहीं बनता। विश्वविद्यालय ने तर्क दिया, "धारा 6 में यह अनिवार्य प्रावधान है कि जानकारी देनी होगी, यही मकसद है, लेकिन आरटीआई अधिनियम किसी की जिज्ञासा को शांत करने के लिए नहीं है।"

## बाइकों की जोरदार भिड़ंत में 2 युवकों की मौत



बुढ़ाना, 25 अगस्त (बु.)। दो बाइकों की आपसी जोरदार भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर दोनों मृत युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सांत्वना दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव विज्ञाना का रहने वाला लगभग 23 वर्षीय जुनैद अहमद पुत्र इरफान बीती रविवार की देर रात के समय अपनी मोटर साइकिल से किसी काम के लिए अपने भाई मुनीर अहमद के साथ बुढ़ाना जा रहा था। तब बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ही गांव जौला निवासी लगभग 24 वर्षीय दुष्यंत कुमार पुत्र मनोज कुमार भी अपनी बाइक से ही बुढ़ाना कस्बे से अपनी दुकान के लिए बर्फ की सिल्ली लेकर अपने घर जा रहा था, तभी तेज रफ़्तार दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना वाया कांधला मार्ग पर एक स्कूल के पास हो गयी, जिसमें दोनों बाइक चालक सड़क पर गिरकर दूर तक घिसटते हुए चले गये और दोनों की बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। इस घटना में तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस और दोनों युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। गंभीर अवस्था में दोनों घायल युवकों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती करवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने जुनैद को मृत घोषित कर दिया, जबकि जिला चिकित्सालय में ले जाते समय दुष्यंत कुमार की भी रास्ते में मौत हो गई। उधर घायल मुनीर को जिला चिकित्सालय के लिए ही रैफर कर दिया। मृतक जुनैद व दुष्यंत के शवों का पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से दोनों परिवार शोक में डूबे हैं, वहीं दोनों ही मृतकों के गांव विज्ञाना व गांव जौला में इस घटना को लेकर शोक व्याप्त है। घायल मुनीर की हालत में कुछ सुधार है। उधर दोनों शवों का धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार अलग- अलग स्थानों पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

।। श्री महावीराय नमः ।।

शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री रामपाल जैन (स्टाम्प पेपर वाले) पुत्र (स्व. लाला श्री हीरालाल जैन) का स्वर्गवास दिनांक 17 अगस्त, 2025 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

उनकी रस्म तेरहवीं दिनांक 27 अगस्त 2025, दिन- बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

प्रार्थना सभा एवं रस्म पगड़ी

-:कार्यक्रम:-

ब्रह्मभोज — दोपहर 12 बजे
रस्म पगड़ी — दोपहर 02 बजे

कार्यक्रम स्थल - सुशीला गार्डन, बुआड़ा रोड, खतौली

शोकाकुल परिवार

श्रीमती रमा जैन (पत्नी)
वैभव जैन - श्वेता जैन (पुत्र- पुत्रवधू)
अभय जैन - मोनिका जैन (पुत्र- पुत्रवधू)
मनुषी, मनन, गौरांश (पौत्री- पौत्र)
सोनिया अग्रवाल - राजकुमार अग्रवाल (पुत्री- दामाद)
पारुल जिंदल - विकास जिंदल (पुत्री- दामाद)
वंश, अंशिका, परी, सक्षम (धेवती-धेवता)

रामकुमार जैन - सरला जैन (भाई - भाभी)
(सरल इन्वेस्टमेंट)
धीरज जैन - सीमा जैन (भतीजा - बहू)
नीरज जैन - श्वेता जैन (भतीजा - बहू)
अनन्या, आर्णव, अरहन (पौत्री- पौत्र)

जय हनुमान ग्रुप ऑफ कंपनीज

155/2 काशीराम स्ट्रीट, खतौली, मुजफ्फरनगर 251201 / M.: 9927067512, 7830694449

